प्रीलिम्स फैक्ट्स : 14 नवंबर, 2018

IONS की 10वीं वर्षगांठ (10th anniversary of IONS)

नौसेना प्रमुख द्वारा कोच्चि के लुलु अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन केंद्र में 13 नवंबर, 2018 को हिंद महासागर नौसैनिक सिम्पोजियम (Indian Ocean Naval Symposium- IONS) की 10वीं वर्षगांठ के अवसर पर समारोह प्रारंभ हुआ।

- IONS भारत द्वारा फरवरी, 2008 में लॉन्च की गई अत्यंत महत्त्वपूर्ण क्षेत्रीय समुद्री सुरक्षा पहल है जो नौसेना पेशेवरों के बीच सूचना प्रवाह बढ़ाने की पहल करता है।
- इस अवसर पर 'स्पेशल कवर' का विमोचन किया गया।
- IONS के 10वें वर्षगांठ समारोह के स्पेशल कवर में हिंद महासागर तथा हिंद महासागर क्षेत्र के तटीय देशों का मानचित्र है, जो क्षेत्र के भौगोलिक राजनीतिक महत्त्व को दर्शाता है। इसमें एक नौका का चित्रण है, जो क्षेत्र के पड़ोसियों द्वारा उपयोग में लाए जाने वाले प्राचीन व्यापार मार्गों तथा क्षेत्र में सामाजिक-सांस्कृतिक संपर्क वाले देशों के महत्त्व को दिखाता है।
- सदस्य देशों के राष्ट्रीय ध्वज कवर का अभिन्न हिस्सा है और यह समुद्री सुरक्षा, सद्भाव तथा क्षेत्र में विकास के समान हितों को समर्थन देता है।
- IONS वर्षगांठ समारोह में बांग्लादेश, ईरान, जापान, मेडागास्कर, मालदीव, मॉरीशस, मोजांबिक, नीदरलैंड, दक्षिण अफ्रीका तथा संयुक्त अरब अमीरात के नौसेना के प्रमुख तथा 16 अन्य IONS सदस्य देशों के वरिष्ठ प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं।

समुद्र शक्ति

12 नवंबर, 2018 को भारत और इंडोनेशिया के बीच पहले द्विपक्षीय नौसैनिक अभ्यास '**समुद्र शक्ति**' की शुरुआत की गई। यह अभ्यास 18 नवम्बर तक चलेगा।

- इस अभ्यास का आयोजन जावा सागर में किया जा रहा है।
- भारतीय नौसेना की तरफ से युद्धपोत '**आईएनएस राणा**' इस अभ्यास में भाग ले रहा है।
- भारत और इंडोनेशिया के बीच इस साझा अभ्यास का उद्देश्य दोनों देशों के बीच आपसी रिश्तों को बढ़ावा देना, समुद्री सहयोग को मज़बूत बनाना और एक-दूसरे की श्रेष्ठ प्रक्रियाओं को अपनाना है।
- भारत और इंडोनेशिया के बीच वर्ष 2002 में शुरू हुए भारत-इंडोनेशिया सैन्य अभ्यास (Ind-Indo Corpat) के बाद यह द्विपक्षीय नौसेना अभ्यास दोनों देशों की नौसेना के बीच परिचालन से संबंधित एक महत्त्वपूर्ण कदम है।
- इस साझा अभ्यास से भारत और इंडोनेशिया के बीच नौसैनिक सहयोग का एक नया दौर शुरु होगा।

इंद्र-2018

संयुक्त राष्ट्र के तत्वावधान में उग्रवाद से निपटने के लिये भारत और रूस के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास इंद्र-2018 बबीना छावनी (झांसी) स्थित बबीना फील्ड फायरिंग रेंज में 18 नवंबर, 2018 को शुरू होगा।

- इस अभ्यास में रूसी संघ की पाँचवी बटालियन और भारत की इंफैंट्री बटालियन हिस्सा लेगी। यह अभ्यास 11 दिनों तक चलेगा।
- सैन्य अभ्यास संयुक्त राष्ट्र तत्वावधान में दोनों देशों की फौजों की क्षमता बढ़ाना है, ताकि शांति स्थापना और संयुक्त रणनीतिक के क्षेत्र में सहयोग बढ़ सके।
- सैन्य अभ्यास का विषय दोनों देशों के लिये महत्त्वपूर्ण समकालीन सैन्य एवं सुरक्षा मुद्दे हैं।

फैज़ाबाद

उत्तरप्रदेश कैबिनेट ने फैज़ाबाद ज़िले का नाम बदलने के प्रस्ताव को मंज़ूरी दे दी है।

- फ़ैज़ाबाद ज़िले को अब अयोध्या के नाम से जाना जाएगा।
- ज़िले के साथ-साथ पूरे फ़ैज़ाबाद मंडल का नाम बदलकर अयोध्या रख दिया गया है। अयोध्या मंडल में अयोध्या, अंबेडकरनगर, बाराबंकी, सुल्तानपुर और अमेठी ज़िले शामिल हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/prelims-facts-14-november-2018